अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 20 दिसंबर 2021
पौष कृष्ण प्रतिपदा
विक्रम संवत-2078

PAGE NO : 09 BOTTOM

'ए प्राइवेट अफेयर'

कन्फ्यूजन और कॉमेडी के तड़के ने खूब गुदगुदाया

रिद्धिमा में 'ए प्राइवेट अफेयर्स' नाटक का मंचन करते कलाकार। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

नाटक का मंचन

एसआरएमएस रिद्धिमा में दिल्ली के पीरो ट्रूप ग्रुप थिएटर के कलाकारों ने किया मंचन

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा ऑडिटोरियम में रविवार को दिल्ली के पीरो ट्रूप ग्रुप थिएटर के कलाकारों ने हास्य नाटक 'ए प्राइवेट अफेयर्स' का मंचन किया। नाटक में कन्फ्यूजन और कॉमेडी के तड़के ने दर्शकों को खूब हंसाया। मंचन के दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने बाद में रिद्धिमा में बने म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम को भी देखा।

नाटक डॉ. एम. सईद के निर्देशन में मंचित किया गया। इसकी शुरुआत मनोचिकित्सक गीता धड़ानी से होती है। जो अपने सचिव अनिल सेठी के साथ स्पिलिट पर्सनालिटी विषय पर व्याख्यान देने दिल्ली आती हैं। वह पांच सितारा होटल में ठहरती हैं और अगले दिन बाहर जाना भूल जाती हैं। यहां ड्राइंग रूम में अनिल मैडम के स्कर्ट की सिलाई कर रहा होता है, लेकिन मैडम के बुलाने पर वह स्कर्ट वहीं छोड़ कर बेडरूम में चला जाता है। इतने में उस रूम को कैप्टन शर्मा के लिए दे दिया जाता है। वह जब ड्राइंग रूम में प्रवेश करते हैं उनकी नजर स्कर्ट पर पड़ती है। वह उसे होटल का कोई आधुनिक तौलिया समझ लेते हैं, लेकिन जब हकीकत पता चलती है तो वह झेंप जाते हैं और रिसेप्शन पर काल करते हैं। इस दृश्य में दोनों ओर के संवाद दर्शकों को खूब गुदगुदाते हैं।

नाटक में मनोचिकित्सक की भूमिका शाइस्ता फातिमा ने बखूबी निभाई। कैप्टन शर्मा के किरदार को डॉ. सईद आलम ने निभाया। इसके अलावा अंकित चौहान, सुमित भारद्वाज, राहुल पासवान, तनय, सत्यम झा, आर्यन कुमार और मोहम्मद हसन अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आए।

इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, बरेली कालेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग मोहन भटनागर, इंजीनियर सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।